

## एक नजर में

### खातेगांव अभिभाषक संघ के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न, नई कार्यकारिणी घोषित








**कन्नौद** स्थानीय न्यायालय परिसर स्थित अभिभाषक संघ (बार एसोसिएशन) के द्विवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति के माहौल में निर्विरोध सम्पन्न हुए । अभिभाषक संघ चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एस सी यादव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सी एल वर्मा ने बताया कि अभिभाषक संघ चुनाव के दौरान अधिवक्ता साथियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल एवं सदस्यों के लिए नामांकन फार्म जमा किएथे। चूंकि नामांकन वापसी दिनांक को आपसी सहमति, तालमेल से अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन फार्म वापस ले लिए। एकल नाम रहने के कारण चुनाव प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं रही है। वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं की सहमति से निम्नलिखित पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। अध्यक्ष सांवलसिंह यादव, उपाध्यक्ष अनिल उपाध्याय, महिला उपाध्यक्ष मीनू तिवारी, सचिव रामविलास वर्मा, सहसचिव नीलेश जगथाप, कोषाध्यक्ष जयवर्धन सिंह तोमर, ग्रंथपाल उमेश विनाक्या, को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। साथ ही 14 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति भी बनाई गई है। इस दौरान न्यायालय परिसर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष यादव ने सभी साथी वकीलों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ की एकता, जूनियर वकीलों के कल्याण, और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

### कालीसिंध गहरीकरण : लोगों ने श्रमदान कर दूसरे दिन 150 डंपर मिट्टी निकाली



**सोनकच्छ।** नगर का एकमात्र जलस्त्रोत कालीसिंध नदी है। जो कि इन दिनों कई स्थानों पर पूर्ण रूप से सूख चुकी है। जिसके कारण आमजन को इन दिनों जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर नप अध्यक्ष श्रुति बघेल ने शुक्रवार को स्वयं के व्यय से नदी गहरीकरण का कार्य शुरू करवाया था। शुक्रवार को पोकलेन के माध्यम से 150 ट्रॉली व 25 डंपर मिट्टी निकाली गई थी। इसी क्रम को जारी रखते हुए शनिवार सुबह से ही गहरीकरण का कार्य शुरू किया गया। जिसके अंतर्गत 400 ट्रॉली व 150 डंपर मिट्टी निकाली गई। यह आंकड़ा शाम 6 बजे तक का लिया गया। यह कार्य रात्रि करीब 8 बजे तक जारी रहा है। उधर नप के पास गहरीकरण को लेकर किसी भी प्रकार से मद नहीं है। जिसके कारण गहरीकरण कार्य में कोई रुकावट न आएं। इसलिए नप द्वारा उनकी बैंक का अधिकृत बैंक क्यूआर कोड सोशल मीडिया पर जारी कर नगर की सामाजिक, समाजसेवी संस्थाओं व समाजसेवियों से आर्थिक सहयोग की मांग की है। अब देखना है कि यह गहरीकरण कार्य कितने दिनों तक चलता है।

### नवनियुक्त एल्डरमैन मंत्री, कुमावत, लोधी और यादव ने संभाला पदभार ग्रहण



**भौंरासा।** नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को नगर परिषद में रखा गया। यहां चारों एल्डरमैनों ने शपथ ग्रहण से पूर्व बड़े हनुमान चौक में स्थित बाबा खेड़ापति सरकार के दर्शन किए। दर्शन के पश्चात ढोल धमाकों व आतिशबाजी के साथ नगर परिषद पहुंचे जिनका नगर में जगह-जगह पुष्प मालाओं से स्वागत लोगों द्वारा किया गया। नगर परिषद भौरासा में नवनियुक्त एल्डरमैन मुकेश कुमावत, प्रदीप मंत्री, मुरारी लाल लोधी, एवं नरबत यादव का आज शुक्रवार को पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा ने की। विशेष अतिथि के रूप में बाबूलाल डोडीया, भगवान सिंह कामदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़, मंडल महामंत्री कैलाश यादव, पटेल यशवंत सिंह राजपूत, पार्षद सचिन यादव, रोहित जायसवाल, सुरेश मालवीय उपस्थित थे। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी ने नवनियुक्त चारों एल्डरमैनों का पुष्पमाला पहनाकर, साफा बांधकर स्वागत किया तथा पदभार ग्रहण कराया वही नगर परिषद अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए नगर भौरासा में शासन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी भी दी वही सभी का पुष्प मालाओं पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सजय यादव जे,जे ने किया व आभार प्रदीप मंत्री ने माना इस अवसर पर जगदीश माली, मोहन यादव, ओमप्रकाश जायसवाल, डॉ मोहन माली, कन्हैयालाल खाटवा, डॉ रूप सिंह नागर ,संतोष यादव, नरेंद्र माली, शैलेंद्र ठाकुर, कृपाल सिंह बेस, अनार सिंह लोधी, कैलाश यादव, अश्विन जायसवाल, तेज सिंह यादव, संजू चौधरी, देवी सिंह यादव, कन्हैयालाल कुमावत, अजय यादव, हिम्मत सिंह ठाकुर,नकुल अग्रवाल, मौसम माली, विनायक माली मन्ना खान,सूबेदार सिंह ठाकुर, विवेक शर्मा,भुरु दरबार, प्रदुमन मंत्री, विनोद धाकड़, दुर्गेश राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

### तनाएरा ने पेश किया साड़ियों का आधुनिक संग्रह

इंदौर. आज के दौर में जश्न का अंदाज़ अधिक निजी, अभिव्यक्तिपूर्ण और स्टाइल के प्रति सजग हो रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए तनाएरा लेकर आए हैं साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन, जिसे खासतौर पर आज के दौर की महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो हर मौके के लिए अनुकूल, सहज और खूबसूरत दिखना चाहती हैं. इस कलेक्शन में किफ़ायती दाम पर फैशनेबल साड़ियां उपलब्ध हैं. लाईटवेट और फ्लोइ फैब्रिक से बना इनाया कलेक्शन, आराम और खूबसूरती का अनूठा संयोजन है.

# एएसपी ने बताया राहवीर सुरक्षा योजना के फायदों के बारे में




**कन्नौद।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए पुलिस टीम सक्रिय है। इसी को जमीनी स्तर पर लाकर जनमानस को जागरूक कर योजना के लाभ को सरल भाषा में समझाकर जागरूक करने के लिए राहवीर सुरक्षा योजना को लेकर एडिशनल एसपी सौम्या जैन अधिकारियों के साथ बस स्टैंड पहुंचीं और लोगों से चर्चा की।

जानकारी अनुसार एएसपी जैन ने सीधे जनसंवाद कर चालक, परिचालक, पेसेंजर, राहगीर से मुखातिब होते हुए बताया कि सड़कों पर दिनों-दिन हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए हमारे जिला पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी हाईवे से लेकर छोटे-बड़े शहरों तक के दुर्घटना झोन को चिंहित कर वहां न सिर्फ सांकेतिक चिन्ह के बोर्ड लगाकर वाहन चालकों को अपने वाहनों की एवं पेसेंजर की सुरक्षा की गई है वरन दुर्घटना झोन पर प्रतिबंधात्मक गतिअवरोधक बनाकर तेजगति वाहनों कि गति कंट्रोल की गई है इतना ही पर्याप्त नही त्रिनेत्रम का जाल बिछाया गया है जिससे समीपवर्ती पुलिस थाने पर समय समय पर मानीटिरिंग कर तत्काल पुलिस सहायता पहुंचाई जा सके। इसके अलावा हम भी कभी भी कहीं पर भी आक्समिक दुर्घटना हो तो घायल को अपना फर्ज निभाते हुए चिकित्सालय भेजे पुलिस द्वारा बताए गए नंबर 112 पर घटना की सूचना दे और अपने कर्तव्य पूरा कर सरकार की योजना के अंतर्गत राहगीर से राहवीर बनकर मिलने वाली सहयोग राशि प्राप्त करे।

> इसी के साथ सौम्या जैन ने उपस्थित नागरिकों से खुलकर चर्चा कर उनसे सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के लिए सुझाव भी लिए जिनको नोटपेड कर शासन तक पहुंचाने का काम किया इस मौके पर एस डी ओ पी आदित्य तिवारी और थानाप्रभारी तहजीब काजी भी उपस्थित रहे। एकत्रित जनमानस ने इस तरह की सडक पर आकर अधिकारीयो द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी की प्रशंसा की वहीं एडिशनल एसपी ने कहा कि दुर्घटना घटित होने पर ज्यादातर लोग वीडियो बनाकर अपलोड करने में लग जाते हैं। इस तरह से घायल को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होती है हम पहले अपना कर्तव्य निभाते हुए मदद के साथ बढ़ाकर असंख्य परिवार के प्राणों की रक्षा कर सकते हैं।

# लोहारदा नप में विकास को मिलेगी रफ्तार

- विधायक मुरली भंवरा के प्रयास लाए रंग, सतवास और कांटाफोड़ नप में भी होगा सतत विकास



**कांटाफोड़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बागली विधानसभा क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगात दिए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बागली विधायक मुरली भंवरा के सतत प्रयासों से नगर परिषद लोहारदा, सतवास एवं कांटाफोड़ के विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।**

स्वीकृत राशि में नगर परिषद लोहारदा को 1 करोड़ 72 लाख रुपए, नगर परिषद सतवास को 1 करोड़ 92 लाख रुपए तथा नगर परिषद कांटाफोड़ को 1 करोड़ 90 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। इस राशि से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनहित के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। राशि स्वीकृत होने के बाद नगर परिषद लोहारदा एवं सतवास के सीएमओ सतीश घावरी तथा नगर परिषद कांटाफोड़ के सीएमओ मुकेश चौबे बागली पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक मुरली भंवरा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए स्वीकृति मिलने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि बागली विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, निर्माण कार्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत राशि से क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी। नगर परिषदों को मिली इस सौगात से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है तथा विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन, पत्र सौंपा

**बागली।** स्वास्थ्य विभाग से जुड़े संविदा कर्मचारियों ने अपने चरणबद्ध आंदोलन में आगामी 2 जून को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का मन बनाया है । इसकी सूचना बागली क्षेत्र में बागली विधायक मुरली भंवरा को देते हुए संविदा कर्मचारियों ने बताया कि उनका चरणबद्ध आंदोलन 25 तारीख से शुरू है। 3 दिनों तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

दो दिनों तक कलेक्टर एवं जिला मुख्यालय पर प्रशासनिक रूप से आवेदन किया। बागली विधायक मुरली भंवरा को यहां के क्षेत्रीय संविदा कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर सूचित किया कि 2 जून से वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसके कारण प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर गिरेगा। इस दौरान बागली स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मनोहर यादव ,कपिल वर्मा, शिवेंद्र राजावत, सचिन खेरदे , यतीन्द्र बैरागी, राजेश गुर्जर सहित अन्य संविदा कर्मचारी विधायक के यहां ज्ञापन देते समय उपस्थित रहे।

# जोशी बने विशेष आमंत्रित जिला कार्यकारिणी सदस्य



**भौंरासा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश अनुसार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, संभाग प्रभारी डॉ लता वानखेड़े एव जिला प्रभारी धनंजय शर्मा से चर्चा के उपरांत भाजपा जिला देवास की नई जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। जिसमें सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर की सहमति से जारी सूची में संगठन के अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ता को महत्व दिया गया है।

घोषित कार्यकारिणी में भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी को विशेष आमंत्रित जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जोशी भौरासा नगर परिषद में भी दो बार के खुद नगर परिषद अध्यक्ष व एक बार की उनकी धर्मपत्नी अध्यक्ष रह चुकी वे पिछले तीन बार के नगर परिषद अध्यक्ष रहते हुए पूर्व में भी देवास जिला योजना समिति सदस्य एवं टेलीफोन सलाहकार समिति सदस्य भी पूर्व में रह चुके हैं जिसके चलते संगठन ने एक बार फिर से जोशी को जवाबदारी सौंपी है। नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, बाबूलाल डोडीया, भगवान सिंह कामदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़, मंडल महामंत्री कैलाश यादव, पटेल यशवंत सिंह राजपूत, पार्षद सचिन यादव, रोहित जायसवाल, छोटू लाल लोधी, सुरेश मालवीय,सजय यादव जे,जे,जगदीश माली, मुकेश कुमावत, नरबत यादव,मोहन यादव, ओमप्रकाश जायसवाल, डॉ मोहन माली, कन्हैयालाल खाटवा, डॉ रूप सिंह नागर, संतोष यादव, शैलेंद्र ठाकुर, कृपाल सिंह बेस, अनार सिंह लोधी, कैलाश यादव, अश्विन जायसवाल, तेज सिंह यादव, संजू चौधरी, देवी सिंह यादव, कन्हैयालाल कुमावत, अजय यादव, हिम्मत सिंह ठाकुर, नकुल अग्रवाल, मौसम माली, विनायक माली, सूबेदार सिंह ठाकुर, विवेक शर्मा, भुरु दरबार, विनोद धाकड़, दुर्गेश राठौर आदि लोग ने बधाई दी



# गो पूजन कर लगाया फलों का भोग

**सतवास।** पुरूषोतम मास की धार्मिक महत्ता को लेकर नगर व क्षेत्र मे अनेक सेवा कार्य के आयोजन हो रहे है। अनेक भक्तगण भोलेनाथ, हनुमानजी का प्रतिदिन जलाभिषेक कर रहे है।

कामधेनू गौशाला सतवास में श्रीमद्भागवत समिति व समाजसेवियों द्वारा को गौमाता का तरबूज सहित फलों का भोजन करवाया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज सतवास सचिव राजकुमार सिंगी, समाज के प्रचार मंत्री राजेन्द्र लाहोटी, विनोद राठी, श्रीमद्भागवत समिति के सर्वेश्वर राठी, प्रकाश सोलंकी, विनय राठी, राकेश लाहोटी सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित थे। श्रद्धालुओं ने गौमाता का पूजन कर फल का भोग अर्पित किया। इसके बाद फलों का संस्था के गौसेवको द्वारा भूसे की सांजी में मिलाया। समिति के सर्वेश्वर राठी ने बताया कि भक्तों द्वारा समय समय पर गौशाला मे ऋतुफल गौवंश को खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया जाता है।

**एक नजर** ▶ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु ले रहे कथा का लाभ, पर्यावरण की सुरक्षा का किया आह्वान

# भागवत कथा में धूमधाम से हुआ कृष्ण रुक्मिणी विवाह

**देवास। औदुंबर ब्राह्मण समाज वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के छठे दिन कथा व्यास पं डॉ दीपेश पाठक ( आष्टा ) ने कहा कि भगवान कृष्ण ने जिस प्रकार गिरिराज गोवर्धन पर्वत को धारण कर प्रकृति की रक्षा की थी, उसी प्रकार हमें भी प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने आमोद प्रमोद के साथ कई राक्षसों का संहार किया और लोगों का कल्याण। भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल से मथुरा गमन और फिर द्वारका पहुंचने तक की सम्पूर्ण कथा सुनाई**





श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान कन्हैया की ब्रज लीलाओं का वर्णन किया भगवान की मथुरा गमन की कथा में बताया कि कंस ने एक विशाल धनुष यज्ञ का आयोजन किया और छलपूर्वक श्रीकृष्ण व बलराम को मथुरा बुलाने के लिए अपने मंत्री अक्रूर को गोकुल भेजा। कृष्ण और बलराम ने निमंत्रण स्वीकार किया और गोकुल वासियों को भारी मन से विदा कर मथुरा के लिए प्रस्थान किया मथुरा में मार्ग में उन्हें कुब्जा नाम की एक दासी मिली जो कंस के लिए चन्दन ले जाती थी। कृष्ण ने प्रसन्न होकर उसके कुबड़ेपन को ठीक कर उसे सुंदर बना दिया कंस का धोबी मिला उसको दंड दिया। इसके पश्चात कृष्ण ने यज्ञशाला में रखे शिव धनुष को अनायास ही तोड़ दिया। इसके बाद कंस के भेजे सभी मल्लों—जैसे चाणूर और मुष्टिक—का वध कियारुक्मणी विवाह का प्रसंग भी सुनाया गया जहाँ भगवान कृष्ण शत्रुओ को पराजित कर रुक्मणी से विवाह करते हैं। रुक्मणी की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई मंगलाष्टक का गान शनि मंदिर के आचार्य पं अजय-वीणा कानूनगो द्वारा किया गया कृष्ण रुक्मणी के पांव पखारे तत्पश्चात सभी समाज के श्रद्धालुओं के द्वारा श्रीमद्भागवत ओर व्यासपीठ पुजा आरती की गई प्रसाद का वितरण किया गया ।

> कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय सचिव महेन्द्र दुबे, संयोजक जयंत शर्मा ने अन्य शहरों से कथा श्रवण करने आये भक्तों का स्वागत किया । प्रात:काल नित्य प्रतिष्ठित देवताओं का वैदिक पूजन कार्य संपन्न हो रहा है वैदिक आचार्य नगरपुरोहित पँ मनीष पाठक(आष्टा) के द्वारा बताया गया की प्रतिदिन स्थापित देवताओं का वैदिक कार्य मुख्य यजमान सहित पं अंकित चौधरी, पं सुमित शर्मा, पं महेश जोशी द्वारा विप्रजनों ने संपन्न कराया ।जिसमे अभिषेक वैदिक पूजन आरती आदि कार्य संपन्न हो रहे हैं।